मेरठ: नकली दवा फैक्ट्री का किया भंडाफोड़, 80 लाख की एक्सपायर दवाओं पर लगाई जा रही थी नई डेट

Meerut News Today: बदलते मौसम के साथ कई बीमारी का प्रकोप बढ़ जाता है. ऐसे में अगर आप मेडिकल स्टोर या अन्य जगहों से दवा लेने जा रहे हैं तो सावधान हो जाइये. मेरठ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक्सपायर दवाईयों के गोदाम का खुलासा किया है. थोड़े से मुनाफे के लिए दवाईयों के एक्सपायरी डेट पर नई डेट लगाकर बाजारों में दोबारा बेचा जाता है.

यह पूरा मामला मेरठ के सरधना थाना क्षेत्र का है. मंगलवार (5 नवंबर) को पुलिस ने एक बड़े गोदाम पर छापा मारा, जहां एक्सपायर दवाओं पर नए सिरे से डेट लगाई जाती थी. यह गोरखधंधा एक निर्माणाधीन भवन के भीतर संचालित किया जा रहा था. पुलिस के छापे के दौरान मौके पर काम कर रहे आरोपी भागने में सफल रहे, लेकिन गोदाम में पुलिस को कुछ चौंकाने वाली चीजें मिलीं.

Source: https://www.abplive.com/states/up-uk/meerut-police-raided-and-exposed-gang-imposed-new-dates-on-expired-medicines-ann-2817328